आदर्श प्रश्न पत्र - 9

**हिन्दी (व्याकरण)**

**कक्षा - 9**

समय : 45 मिनट | अंक : 25

उत्तरकुंजी

1. निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखिए- 4

समुद्र तट की सैर (शब्द-सीमा लगभग 80-100 शब्द)

संकेत बिंदु - सैर का विचार , समुद्र तट के सौंदर्य का वर्णन, तट पर किया, अनुभव कैसा रहा?

मैं अपने परिवार के साथ चेन्नई घूमने गया। वहाँ पहुँचकर हम सभी शाम के समय समुद्र- तट की सैर पर निकले। इस समुद्र -तट की बात ही निराली है। चेन्नई में चारों ओर हरियाली ही हरियाली है। जब हम समुद्र -तट पर पहुँचे ,तो सूर्यास्त होने वाला था। चारों ओर सुनहरी लालिमा फैली हुई थी। हल्की ठंडी हवा चल रही थी। समुद्र की लहरें उछल-उछलकर तट की ओर आतीं और उसे छूकर वापस चली जातीं। इतना मनोरम दृश्य देखकर मेरा मन प्रसन्नता से झूम उठा। हम सभी प्रकृति की सुषमा को निहार रहे थे। मैं भी उन उठती - गिरती लहरों के साथ खेलने लगा।

वहीं मेरी बहन ने बहुत -से शंख और सीपियाँ इकट्ठे किए, सबने मिलकर नारियल पानी का आनंद लिया। समुद्र तट की यह सैर मेरे लिए जीवन भर के लिए यादगार बन गई ।

2. क्रियाविशेषण शब्दों को रेखांकित कर उसका भेद लिखिए - 4

1. अमर <u>रात के दस</u> बजे आया। - कालवाचक
2. आकांक्षा <u>बहुत</u> पढ़ती है। - परिमाणवाचक
3. हिमालय <u>उत्तर</u> में है। - स्थानवाचक
4. रस्सी <u>जोर से</u> खींचो। - रीतिवाचक

3. निम्नलिखित पदों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम लिखिए - 4

1. ले चला मैं तुझे कनक, ज्योंभिक्षुक लेकर स्वर्ण झनक।

   उत्तर :उत्प्रेक्षा अलंकार

2. मैया मैं तो चंद्र -खिलौना लैहों।

   उत्तर :रुपक अलंकार

3. पीपर पात सरिस मन डोला ।

   उत्तर :उपमा अलंकार

4. मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

   उत्तर :मानवीकरण अलंकार

4. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त विशेषण शब्दों दवारा कीजिए - 3

1. गुलाब का फूल सुंदर होता है।
2. एक दिन वह मेरे पास आया।
3. उनके घर में एक सफ़ेद गाय है।

5. विलोम शब्द लिखिए- 2

- शिष्ट x अशिष्ट
- हास्य x रुदन
- संयोग x वियोग
- सुर x असुर

6. निम्नलिखित वाक्यों को उपयुक्त मुहावरों द्वारा पूरा करो: 2

(क) शिवाजी ने औरंगजेब की नाक में दम कर रखा था ।

(ख) ताजमहल की सुंदरता को देखकर पर्यटक दाँतों तले उंगली दबा लेते हैं ।

7. निम्नलिखित पदबंध के भेद बताइए - 3

1. अपने सामान के साथ वह चला गया।

   उत्तर :अव्यय पदबंध

2. हरे-भरे लहलहाते खेत देखकर में बहुत प्रसन्न हुआ।

   उत्तर :विशेषण पदबंध

3. वह हँसते-हँसते रो दिया।

   उत्तर :क्रिया पदबंध

8. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए : 3

1. गीदड़ - गीदड़ी
2. सुन्दर - सुन्दरी
3. लोटा - लुटिया
4. मूर्ख - मूर्खा
5. अध्यक्ष - अध्यक्षा
6. बच्छा - बछिया